I/192142/2024

संख्याः 322 / XL-1-2024- 81 / 2023

प्रेषक,

डॉ0 पंकज कुमार पाण्डेय,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

प्रभारी कुलसचिव,
उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय,
हर्रावाला, देहरादून।

आयुष एवं आयुष शिक्षा अनुभाग देहरादूनः दिनांक 22 फरवरी, 2024

विषयः— **डिवाईन कॉलेज ऑफ नैचुरोपैथी एवं योगिक साईन्स श्यामपुर, हरिद्वार को बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एण्ड यौगिक साईन्स (BNYS) पाठ्यक्रम में 60 सीटों की प्रवेश क्षमता हेतु CONSENT OF AFFILIATION की अनुमति के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपने पत्र संख्या—577 / उ0आ0वि0 / सम्बद्धता / 2023—24, दिनांक 24.05.2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा डिवाईन कॉलेज ऑफ नैचुरोपैथी एवं योगिक साईन्स श्यामपुर, हरिद्वार को बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एण्ड यौगिक साईन्स (BNYS) पाठ्यक्रम में 60 सीटों की प्रवेश क्षमता हेतु CONSENT OF AFFILIATION की अनुमति दिये का अनुरोध किया गया है।

2— इस संबध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि The University Grant Commission Act-1956 की धारा—22 में किये गये प्राविधानों के अन्तर्गत यू0जी0सी0 द्वारा बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एण्ड यौगिक साईन्स (BNYS) पाठयक्रम को दी गयी मान्यता / अनुमोदन एवं तत्क्रम में उक्त पाठ्यक्रम को भारत का राजपत्र में अधिसूचित किये जाने के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त डिवाईन कॉलेज ऑफ नैचुरोपैथी एवं योगिक साईन्स श्यामपुर, हरिद्वार के परिसर में सत्र—2023—24 से बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एण्ड यौगिक साईन्स (BNYS) पाठ्यक्रम की कक्षायें संचालित किये जाने की अनुमति निम्नांकित शर्तो के अधीन प्रदान की जाती है :—

1. बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एण्ड यौगिक साइंस (BNYS) पाठ्यक्रम के संचालन को प्रारम्भ किये जाने से पूर्व अनिवार्य रूप से भारत सरकार एवं इस पाठ्यक्रम को मान्यता प्रदान करने वाली संस्था से अनापत्ति प्राप्त किया जाना आवश्यक है।
2. बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एण्ड यौगिक साइंस (BNYS) पाठ्यक्रम में वार्षिक प्रवेश क्षमता 60 छात्र प्रतिवर्ष होगी।
3. विश्वविद्यालय के पत्र दिनांक 24.05.2023 द्वारा उपलब्ध कराये गये भूमि, भवन एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं, जिसका उल्लेख पत्र में किया गया है, के सम्बन्ध में मानकानुसार समस्त औपचारिकताएं एवं सुविधायें पूर्ण होने के उपरान्त ही पाठ्यक्रम का संचालन प्रारम्भ किया जायेगा।

**Signed by Pankaj Kumar Pandey**
**Date: 21-02-2024 10:36:22**

भवदीय,

(डॉ0 पंकज कुमार पाण्डेय)
सचिव।